

अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध

हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम

हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता

MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology

परामर्श समय - प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक

12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 237 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 13 जून 2025 | मूल्य 2 रुपया


## बाइक से डोडाचूरा तस्करी के आरोपी पुलिस रिमाण्ड पर

**पिपलियामंडी, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने डोडाचूरा समेत बाइक सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, आरोपियों को कोर्ट ने दो दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश दिए। मुखबिर की सूचना पर पिपलिया पुलिस ने महू-नीमच हाईवे थड़ोद फन्टे पर बाइक (एमपी 14 जेडबी 6920) को रोका, तलाशी के दौरान बाइक पर सवार दो युवकों के कब्जे से एक कट्टे में भरा 29 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपनी पहचान दाउदखेड़ी थाना वायडीनगर निवासी इरफान (38) पिता जाकिर शाह व गोवर्धन (41) पिता जवाहरलाल प्रजापत होना बताई। टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया गुरुवार को आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट कोर्ट में पेश किया। जिन्हें दो दिन पुलिस रिमाण्ड सौंपने के आदेश हुए है। आरोपी डोडाचूरा कहां से लाए थे तथा कहां देने जा रहे थे, इस संबंध में पूछताछ जारी है।

## प्रभास-पावक का परिवार जल्द बढ़ने की उम्मीद

### गांधी सागर के बाद मप्र में तीसरा ठिकाना भी हो रहा तैयार

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस। गांधी सागर में प्रभास और पावक का परिवार जल्द बढ़ने की संभावना है। इसका कारण है कि प्रदेश में चीतों का तीसरा ठिकाना सागर जिले का नौरादेही अभयारण्य बनेगा। कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य के बाद यहां चीतों की बसाहट के लिए वन विभाग की टीम काम में जुट गई है। इसको लेकर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की एक टीम मई में अभयारण्य का विजिट कर चुकी है और इस टीम ने अभयारण्य के दायरे में आने वाले मोहली, झापा और सिंगपुर की तीन श्रेणियों में फैले 30 किलोमीटर के क्षेत्र को चीतों के लिए तैयार करने का फैसला किया है। इधर तीसरे ठिकाने के साथ ही गांधी सागर में भी चीतों का कूनबा कूनो की तरह बढ़ाने पर काम पहले ही प्रक्रिया में है। वहीं नौरादेही में हो रही चीतों की बसाहट की हलचल से उम्मीद जताई जा रही है कि प्रभास और पावक का परिवार बारिश बाद बढ़ सकता है।**

#### मादा चीता की जरुरत...

गांधी सागर में बारिश बाद चीतों का कूनबा बढ़ाने पर काम किया जा रहा है। ये चीते साउथ अफ्रीका या फिर कूनो नेशनल पार्क से शिफ्ट होगें। इसके लिए वनविभाग के वरिष्ठ अधिकारी जल्दी ही निर्णय करेगें। चूंकि वर्तमान में दोनों नर चीते है। इसलिए यहां पर मादा चीता की जरूरत है। वनविभाग के अधिकारियों का कहना है कि बारिश अंत तक गांधीसागर अभयारण्य में मादा चीते लाए जाएंगे।

#### रास आ रहा रहा चीतों को नया ठिकाना...

जिस तरह से अन्य कई प्रकार के वन्यजीवों को गांधी सागर ऑल इज वेल फिल देता है। उसी तरह से विदेश से आए चीता मेहमानों को भी गांधी सागर खासा भा गया है। वे हर दूसरे दिन शिकार कर रहे है। दोनों चीतों का सबसे पंसदीदा शिकार नीलगाय है। वे नीलगाय का सबसे अधिक शिकार कर रहे है। शिकार करने से उनके स्वास्थ्य और अनुकूलन की स्थिति मजबूत हो रही है। चीतों की शिकार करने की यह नियमितता इस बात का प्रमाण है कि उन्हें पर्याप्त भोजन मिल रहा है और वे अपने नए परिवेश में पूरी तरह सहज हो चुके हैं।



#### चीतों की हर गतिविधि पर नजर...

ट्रैकिंग कॉलर और कैमरा ट्रैप की मदद से वन विभाग लगातार चीतों की गतिविधियों पर नजर रख रहा है। दोनों चीते अक्सर तड़के सुबह या देर शाम शिकार कर रहे हैं। नीलगाय जो खुले घास के मैदानों में चरती हैं। चीतों के लिए आसान शिकार साबित हो रही हैं। नीलगायों की संख्या अच्छी-खासी है और चीतों ने उन्हें अपनी प्राथमिक शिकार सूची में रख लिया है। यह एक सकारात्मक संकेत है कि वे बिना किसी बाहरी सहायता के जंगल में खुद को स्थापित कर रहे हैं।

#### 2022-23 में कूनो में लाए गए हैं चीते...

वर्ष 1952 में भारत में चीतों के विलुप्त होने के बाद सितंबर 2022 में नामीबिया से 8 चीतों को लाया गया था। फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से और 12 चीतों को लाया गया। इन्हें भी कूनो में रखा गया, जिससे भारत में चीतों की कुल संख्या 20 हो गई। पिछले दो वर्षों में इन चीतों ने कुल 26 शावकों को जन्म दिया। लेकिन, केवल 19 ही जीवित बचे। 12 वयस्क और 19 शावकों के साथ, भारत में चीतों की कुल संख्या वर्तमान में 31 है। इस साल अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 12 चीतों में से दो वयस्क नर चीते, पावक और प्रभास को गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में स्थानांतरित कर दिया गया था, जिसे देश में बड़ी बिल्लियों के लिए दूसरे घर के रूप में विकसित किया गया है।

#### इनका कहना...

दोनों चीते हर दूसरे दिन शिकार कर रहे है। यह अच्छा संकेत है। दोनों को गांधीसागर अभयारण्य क्षेत्र पसंद आ गया है। बारिश के बाद और चीतों की शिफ्टिंग होने की संभावना है।

**संजय रायखेरे**
**डीएफओ मंदसौर**

## बड़े अस्पताल में सोनोग्राफी सुविधा तीन वर्षों से बंद, मरीजों को हो रही भारी परेशानी

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय में विगत तीन वर्षों से सोनोग्राफी मशीन बंद पड़ी है। इसका मुख्य कारण रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की अनुपलब्धता है। यह स्थिति तब और भी चिंताजनक हो जाती है जब यह तथ्य सामने आता है कि अस्पताल को सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय 'मंदसौर मेडिकल कॉलेज' से संबद्ध किए जाने के बावजूद अब तक रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति नहीं हो सकी है। इससे जिले की आम जनता खासकर गरीब वर्ग को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

500 बेड वाले इस अस्पताल में जहां हर दिन सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, वहां सोनोग्राफी जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव एक गंभीर समस्या बन चुका है। गर्भवती महिलाएं, पेट संबंधी बीमारियों से ग्रसित मरीज एवं अन्य जरूरी जांच की आवश्यकता वाले लोग निजी क्लीनिकों का सहारा लेने को मजबूर हैं, जहां उन्हें महंगी दरों पर सेवाएं प्राप्त करनी पड़ती हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन निजी भागीदारी (पीपीपी मॉडल) के अंतर्गत उपलब्ध कराई जा सकती है, तो




सोनोग्राफी सुविधा भी इसी मॉडल पर शुरू की जा सकती है। इससे न केवल मरीजों को राहत मिलेगी, बल्कि अस्पताल की सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

सिविल सर्जन से अपेक्षा की जा रही है कि वे रोगी कल्याण समिति के माध्यम से अल्पकालिक या संविदा आधारित रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति कर इस सुविधा को पुन: प्रारंभ करें। यह कदम खासकर आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत इलाज कराने वाले गरीब मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकता है।

मंदसौर की जनता पिछले कई वर्षों से इस सुविधा से वंचित है और बार-बार शासन और प्रशासन से गुहार लगाने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। यदि शीघ्र उचित कदम नहीं उठाए गए तो यह न केवल मरीजों की सेहत के लिए खतरा बन सकता है, बल्कि चिकित्सा तंत्र पर जनता का भरोसा भी डगमगा सकता है। आमजन की मांग है कि कलेक्टर इस विषय को प्राथमिकता में ले और जल्द से जल्द शासन स्तर से अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति करवा कर सोनोग्राफी सुविधा बहाल करे।

#### इनका कहना..

रेडियोलाजिस्ट की नियुक्ति सरकारी अस्पतालो में नहीं हो रही है। पूरे प्रदेश के कई अस्पतालो में यह स्थिति है। एक बार फिर शासन को लिखा है। कलेक्टर मेम से चर्चा कर जल्द ही निजी अस्पतालो के रेडियोलाजिस्ट से मीटिंग कर मरीजो की सुविधा के लिए सोनोग्राफी शुरु करने के प्रयास करेंगे।

**बीएल रावत**
**सिविल सर्जन मंदसौर**

शासन स्तर पर रेडियोलाजिस्ट की नियुक्ति की कवायद चल रही है। शासन से निर्देशानुसार निर्णय लेकर रेडियोलाजिस्ट की नियुक्ति के प्रयास किये जाएंगे।

**श्रीमती शशी गांधी**
**डीन मंदसौर मेडिकल कॉलेज**

## रास्ते के विवाद में हिंसक झड़प

### कुल्हाड़ी-लाठियों से हमला, पांच घायल, ट्रैक्टर चालक के अपहरण का आरोप

**नीमच, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के रूपपुरा बावड़ी के पास खेत के रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पहले किसानों, फिर उन्हें बचाने आए परिजनो पर भी हमला किया गया। किसान अजय, मुकेश और शिवलाल ट्रैक्टर में खाद लेकर खेत जा रहे थे। रास्ते में 5-6 लोगों ने कुल्हाड़ी, पत्थरों और लाठियों से हमला कर दिया। इस हमले में तीनों किसान घायल हो गए। हमलावर ट्रैक्टर चालक को जबरन बोरखेड़ा गांव ले गए। जब घायल किसानों के परिजन ट्रैक्टर चालक को छुड़ाने बोरखेड़ा पहुंचे, तो वहां मौजूद 25-30 लोगों ने उन पर भी हमला कर दिया। इस दूसरे हमले में कैलाश और शिवलाल गंभीर रूप से घायल हुए।

सभी घायलों को पहले जावद अस्पताल ले जाया गया। दो घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें नीमच के बड़े अस्पताल और फिर वहां से उदयपुर रेफर किया गया। पुलिस ने दोनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हमलावरों की पहचान की जा रही है।



गांव में तनाव को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

## काचरिया के युवक की धामनिया के निकट मौत, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**पिपलियामंडी, 12 जून गुरु एक्सप्रेस। पिपलियामंडी गांव काचरिया चन्द्रावत के युवक की छोटीसादड़ी के निकट हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की।**

छोटीसादड़ी थाना प्रभारी को दिए आवेदन में पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के गांव काचरिया चन्द्रावत निवासी सुरेशचन्द बावरी ने बताया कि मेरे पुत्र प्रकाशचन्द के मोबाइल पर 7869480932 व 8769572852 से कॉल आया था और उसे धामनिया बुलाया था। 11 जून को वह दोपहर यहां से धामनिया जाने की बोलकर निकला था। रात को दो बजे प्रकाश के साले जसवंत का मेरे मोबाइल पर कॉल आया कि प्रकाश को गड्डे में गिरने से सिर में चोंट लगने से हास्पीटल लेकर आए थे, जहां मृत्यु हो चुकी है। सुरेश ने गुरुवार को छोटीसादड़ी पुलिस थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया कि मेरे बेटे प्रकाश की हत्या कर एक्सीडेंट का रुप दिया गया है। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। शव पीएम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्टहोगी।




## ऊफ.. ऊफ गर्मी...

### दोपहर तो ठीक रात में भी तपन का एहसास, कूलर-पंखे भी गर्म हवा दे रहें

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस। शहर सहित अंचल में तेज गर्मी से हर कोई परेशान है। गर्मी के तीखे तेवर से सुबह 11 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक शहरवासी बहुत कम बाजार में निकल रहे है। तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी लू को लेकर अलर्ट किया हुआ है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान के अधिक होने के कारण रात को भी गर्म हवाएं चली। जिससे आमजन को काफी परेशानी हुई। दिन और रात में अधिक तापमान होने के कारण कूलर की हवा भी राहत नहीं दे पा रही है।**

गर्मी के साथ शुरू हुई दिनभर उमस और लू जैसी हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। लोग घरों से निकलने से बचते नजर आए। स्कूल और कॉलेजों में एडमिशन का समय चल रहा है। ऐसे में छात्र गर्मी में ही ऑनलाइन सेंटर और स्कूलों के चक्कर काट रहे हैं। वाहन चालक गमछे और कपड़ों से सिर-मुंह ढंककर निकल रहे हैं। पंखे और कूलर भी गर्म हवा फेंकने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में बदलाव के लिए अभी एक हफ्ते का इंतजार करना होगा। 15 जून के बाद राहत की उम्मीद है। डॉक्टरों के अनुसार लू से बचने के लिए दोपहर में घर से न निकलें। सीधे धूप में जाने से बचें। हल्के और सूती कपड़े पहनें। बार-बार पानी पीते रहें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

**दो दिन बाद राहत की संभावना-** मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री ही रहा। लेकिन रात के न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की बढोतरी हुई। रात का तापमान 29 डिग्री रहा। गुरुवार को भी यही हालात रहे। इसी तरह शुक्रवार को भी दिन का तापमान एक डिग्री की कमी आएगी और 40 डिग्री तक जाएगा। वही रात के तापमान में गिरावट नहीं आएगी। शनिवार को बारिश की संभावना बताई है। जिसके चलते रात और दिन के तापमान में गिरावट आएगी। शनिवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और रात का तापमान 29 डिग्री रहेगा। रविवार को बारिश होने से तेजी से तापमान गिरेगा। रविवार को 32 डिग्री अधिकतम और न्यूनतम 27 डिग्री तक रहने की संभावना है।

## आरएसएस में फिर आंशिक फेरबदल

### विक्रम सिंह रघुवंशी को प्रान्त धर्म जागरण प्रमुख का दायित्व, मंदसौर के पूर्व विभाग प्रचारक अभिषेक गुप्ता को प्रान्त सह व्यवस्था प्रमुख का प्रभार



**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 'आरएसएस' के प्रचारको की प्रांतीय बैठक रतलाम जिले के जावरा में हुई बैठक में कई निर्णय लिये गये। इसमें मंदसौर के पूर्व विभाग प्रचारक वर्तमान प्रान्त शारीरिक प्रमुख श्री विक्रम सिंह रघुवंशी को प्रान्त धर्म जागरण प्रमुख का दायित्व दिया गया हैं। मंदसौर के ही पूर्व में विभाग प्रमुख रहे श्री अभिषेक गुप्ता को प्रान्त व्यवस्था सह प्रमुख नियुक्त किया गया। मालवा प्रान्त की प्रचारक बैठक में जावरा के जिला प्रचारक श्री अंकित सोलंकी को मंदसौर जिला प्रचारक बनाया गया। मंदसौर में विस्तारक रहे श्री निर्मल आदिवाल अब प्रान्त छात्रावास प्रमुख होंगे। मंदसौर के भावगढ़ निवासी श्री नवीन भटेवरा अभी तक इंदौर के एक नगर के प्रचारक का दायित्व संभाल रहे थे। अब इंदौर महानगर के द्वारका जिला प्रचारक होंगे। बता दे की इंदौर महानगर में संघ की दृष्टि से 26 नगर और 04 जिले है। द्वारका जिला भी उनमे से एक हैं। प्रान्त बैठक में कई नए तहसील एवं खंड विस्तारक भी निकले हैं।

## अब कालेज लेक्चरार को लवेरिया...

### छात्रा को मैसेज भेजा- माई स्वीटहार्ट, ब्यूटीफुल क्वीन

**नीमच, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जीरन गवर्नमेंट कॉलेज में भूगोल के गेस्ट लेक्चरर विष्णु निकुंभ पर एक छात्रा को मंगलवार देर रात आपत्तिजनक मैसेज भेजने का आरोप लगा है। छात्रा ने इस मामले की शिकायत छात्र संगठन से की, जिसके बाद छात्र नेताओं ने बुधवार को कॉलेज गेट पर प्रदर्शन कर प्रभारी प्राचार्य दीपा कुमावत को ज्ञापन सौंपा। जानकारी के मुताबिक निकुंभ करीब 06 महीने पहले भी एक छात्रा के साथ ऐसी हरकत कर चुके हैं। उस समय माफी मांगने पर छात्रा ने शिकायत नहीं की थी। बड़वानी जिले के रहने वाले निकुंभ चार साल से जीरन कॉलेज में पढ़ा रहे हैं।

**लेक्चरर का कहना, केवल एडमिशन संबंधी बात हुई-**आरोपी लेक्चरर विष्णु निकुंभ ने छात्रा के इन आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि छात्रा से केवल एडमिशन संबंधी बातचीत हुई थी। उन्होंने यह भी ... शेष पेज 3 पर


उठावना / पुष्पांजली



स्वर्गीय सेठ श्री कीमतमल जी डालवानी जी के सुपुत्र
एवं लखीचंद डालवानी, किशोर डालवानी, शंकर डालवानी के भाई साहब
एवं महेश, जय, गिरीश के पूज्यनीय पिताजी
एवं राजेश, नरेश, आशीष, दिनेश, जानू, हनी के पूज्यनीय काका श्री
व प्रथमेश, शिवांश, रिषित, वंश के पूज्यनीय दादाजी

स्व. श्री अर्जुनदास जी डालवानी

का दुःखद निधन दिनांक १० जून २०२५ को हो गया है
जिनका उठावना (पगड़ी) एवं पुष्पांजली कार्यक्रम उपरोक्तानुसार है।

दिनांक : 13 जून 2025, शुक्रवार
समय : सांय. 05:00 बजे
:: स्थान ::
" सिंधु महल "
वीर सावरकर सेतु मार्ग, पंपहाऊस पुराना लक्कड़पीठा, धानमंडी, मन्दसौर (म.प्र.)

:: शोकाकुल ::
डालवानी परिवार

:: फर्म ::
साजन सजनी गारमेंट्स * सुहाग महल * S.M 2
A.D.ग्रुप चाईना * डालवानी बाजार, मन्दसौर * डालवानी बाजार, नवसारी
मोबाईल : 9893093311, 9584438400


## कई राज्यों के आम मंदसौर में खप रहे

### इस बार दाम कंट्रोल में, पिछले साल से दस प्रतिशत गिरे



**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** बारिश से पहले सब्जियों से लगाकर कई फलों के दाम आसमान पर है। लेकिन, इस बार फलों के राजा कहे जाने वाले आम ने शहरवासियों पर खासी मेहरबानी दिखाई। कारोबारियों की माने तो फसल अच्छी आने के कारण गत वर्ष से आम के दाम 10 प्रतिशत तक सस्ते हैं। इस समय बाहर से आने वाले आम रस के रूप में उपयोग हो रहे हैं तो कच्चे आम अचार के लिए मांगे जा रहे हैं। मानसून में देरी और गर्मी के मौसम में आंधी-तूफान की घटना कम होने से इस बार आम की फसल लटालूम हुई है। यानी आम की पैदावार अच्छी हुई है। मंदसौर सहित प्रदेश की मंडियों में यूपी, गुजरात, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु से आम आ रहा है।

फल कारोबारियों के अनुसार आम की फसल तीन से चार माह तक चलती है। एक तरफ की आवक बंद होने से दूसरी तरफ से आवक शुरू हो जाती है। यूपी के मलीहाबाद, सारंगपुर लाइन से लंगड़ा, सफेदा, चौसा, दशहरी आम आ रहा है। कारोबारियों का कहना है कि सर्वाधिक पसंद किया जाना वाला बादाम आम गत वर्ष थोक में 50 से 55 रुपए किलो बिक रहा था, वह इस साल 40 से 45 रुपए किलो बिक रहा है। थोक के साथ खुदरा में बादाम 50 से 60 रुपए किलो बिक रहा है। गत वर्ष 100-120 रुपए थोक में बिकने वाला केसर इस बार थोक में 60 से 65 रुपए किलो तक है।

#### दुनिया के आधे आम का उत्पादन भारत में...

एक आकलन के अनुसार इस साल उत्तर प्रदेश में आम का उत्पादन लगभग 35 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है। जबकि, पिछले साल यह 25 लाख मीट्रिक टन था। इस साल आम के पेड़ों में 100 प्रशित फूल आए। साल 2024 में पूरी दुनिया में आम का उत्पादन 25 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंच गया। इसमें से लगभग आधा उत्पादन भारत में हुआ। चीन 3.8 मिलियन मीट्रिक टन और इंडोनेशिया 3.6 मिलियन मीट्रिक टन के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। उत्तर प्रदेश भारत के कुल आम उत्पादन में लगभग 20 प्रतिशत का योगदान करता है। प्रदेश में भी हर साल आम की पैदावार में बढ़ोतरी हो रही है।



# शिवना को साफ करने की मन में ठानी -विधायक

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** विधायक श्री विपिन जैन के नेतृत्व में चल रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान के तहत 12 जून, गुरूवार को 43वें दिन कोर्ट रोड़ कास्तकार होटल के समीप बह रही शिवना नदी से श्रमदानियों ने तेज गर्मी में मेहनत कर 7 ट्राली जलकुंभी व गाद निकाली। साथ ही जो पौधे अभी तक लगाये गये है उन्हें पानी पिलाने का कार्य भी श्रमदानियों ने किया।

विधायक विपिन जैन ने बताया कि गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है लेकिन ऐसे प्रतिकुल परिस्थितियों में भी शिवना पुत्रों का उत्साह व जोश भी बढ़ रहा है। शिवना को साफ करने की शिवना पुत्रों ने मन में ठानी है और सभी का प्रयास सफल हो रहा है। गुरूवार को श्रमदान करने वालों में विधायक श्री विपिन जैन, समाजसेवी महेश दुबे, रामचन्द्र मालवीय, घनश्याम भावसार, राकेश जैन पिंटू, हेमराज खाबिया, नमन पालीवाल, विजय आनंद, अभिषेक तिवारी, रमेश सोनी, अमलावद गांव से इन्द्रेश कुमार भगत, कैलाश कुमावत, भूनियाखेड़ी से राहुल धनगर, बनी गांव से पंकज जैन, राकोदा गांव से दीपक बैरागी, महिला नेत्री इष्टा भाचावत, वर्षा दोसरिया, आशा पोरवाल, दीपाली पोरवाल, रिद्धी पालीवाल, कांग्रेसजन विकास दशोरा, राजनारायण लाड, संजय नाहर, साबिर इलेक्ट्रीशियन, राजेश फरक्या, विश्वास दुबे, मनोहर नाहटा, अजय सोनी, अशोक राव, नितनेस बसेर, राजेश चोधरी, सादिक गौरी, सोहनलाल धाकड़, प्रीत जैन, राकेश सेन, गणपत कुमावत, महेश गुप्ता, अकरम खान, ऋषिराज लाड़, गोपाल बंजारा, राजा भाई, आमिन खान सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



## अत्याचार निवारण अधिनियम सतर्कता मानिटरिंग समिति की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में अत्याचार निवारण अधिनियम सतर्कता मोनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान निर्देश दिए गए कि, एट्रोसिटी एक्ट के प्रकरणों में एक्सरे एवं मेडिकल रिपोर्ट में देरी न हो। देरी होने से प्रकरणों में विलंब होता है। बैठक में विशेष न्यायालय में प्रचलित प्रकरणों में बरी एवं सजा, एट्रोसिटी एक्ट के तहत पुलिस थानों में पंजीबद्ध प्रकरण, संयुक्त स्थल निरिक्षण, राहत राशि स्वीकृति एवं भुगतान के संबंध में निर्देश दिए गए। 2 वर्ष से उपर के जितने भी प्रकरण लंबित हैं, उनका तुरंत निराकरण करें। जाति प्रमाण पत्र के कारण कोई केस लंबित नहीं रहे। इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखें। अगर किसी व्यक्ति का जाति प्रमाण पत्र नहीं है तो लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आवेदन करवाए, गिरफ्तारी के प्रकरण लंबित न रहें। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, प्रभारी जिला संयोजक श्रीमती अनीता कचोटिया समिति के सदस्य मौजूद थे।

# पंचायत पदाधिकारी नदियों को अविरल प्रवाहमान बनाने के लिए समर्पित होकर कार्य करें-पटेल

**प्रदेश में 200 नदियों का उदगम स्थल है, मंत्री पटेल ने गम्भीरी नदी के उदगम स्थल पर की पूजा अर्चना**

**नीमच, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.नदियों का मायका कहा जाता है। लगभग 200 नदियों के उदगम स्थल प्रदेश में है। प्रदेश में सरपल्स पानी है। जल गंगा संवर्धन के तहत नदियों, नालों, जल स्त्रोतों की स्वच्छता संरक्षण करें और प्रयास करें, कि नदिया अविरल प्रवाहित हो। इसके लिए वर्षा जल से जल संरचनाओं को रिचार्ज करें। पौधे लगाए और उनकी रक्षा करें। यह बात प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिह पटेल ने गुरूवार को नीमच जिले के जावद विकासखण्ड के ग्राम महेन्द्र के वानर खोह में गंभीरी नदी के उदगम स्थल पर गंभीरी नदी की पूजा अर्चना करते हुए कही।

इस मौके पर विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार, जनपद अध्यक्ष श्री गोपाल चारण, न.पा.नीमच की पार्षद एवं सभापति श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, पूर्व जि.प.सदस्य श्री पवन पाटीदार,



जनपद सदस्यं श्रीमती मंजूबाई व अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। मंत्री श्री प्रहलाद सिह पटेल ने वानरखोह में गंभीरी नदी के उदगम स्थल पर स्थित श्री हाटकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर, अभिषेक किया। उन्होने नदी के उदगम स्थल पर भी पूजा अर्चना की। क्षेत्र के सरपंचों ने मंत्री श्री पटेल एवं अतिथियों का स्वागत किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा, कि हम आज वर्षा जल से जल स्त्रोतो को रिचार्ज करेंगे, पौधारोपण करेंगे और उनकी सुरक्षा करेंगे, तो कल हमें जल मिलेगा। उन्होने पंचायत पदाधिकारियों और उपस्थितजनों का आव्हान किया, कि वे बाड़ व सुरक्षा की व्यवस्था कर ही पौधारोपण करवाए, जिससे कि पौधे जीवित रह सकें। नीमच के साहित्येकार श्री संजय शर्मा ने स्वलिखित ''गंभीरी नदी की गौरव गांथा'' पुस्तक की प्रतियां भी अतिथियों को भेंट की। श्री पटेल ने कहा, कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उन्हें अब तक प्रदेश में 71 नदियों के उदगम स्थल पर जाने का अवसर मिला है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एसडीएम श्रीमती प्रीति संघवी, एसडीओ वन श्री दशरथ अखण्ड व अन्य अधिकारी, श्री जसवंत बंजारा, श्री अर्जून माली, सरपंच श्री मिश्रीलाल सहित क्षेत्र के त्रिस्तरीय पंचायतों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## मंत्री पटेल ने प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



**नीमच, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नीमच प्रवास के दौरान गुरूवार को टाउनहाल नीमच में विकसित भारत का अमृत काल सेवा,सुशासन, गरीब कल्याण एवं केंद्र सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का फीटा काटकर शुभारंभ किया। उन्होने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ इस प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस मौके पर विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू, नपा नीमच की पार्षद एवं सभापति श्रीमती वंदना खण्डेलवाल,जिला पंचायत नीमच के पूर्व सदस्य श्री पवन पाटीदार,नपा के पूर्व उपाध्यक्ष श्री महेन्द्र भटनागर, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्षद गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।







# ग्रामीणजन पौधारोपण कर उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लें-पटेल

**नीमच, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायतें और ग्रामीणजन एक पेड मॉ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करें और उन पौधों को संरक्षित कर, उन्हेंन वृक्ष बनाने का संकल्प लें। यह बात पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिह पटेल ने गुरूवार को श्री वीरेन्द्र कुमार सखलेचा मांगलिक भवन मोरवन में ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार, एवं विधायक मनासा श्री अनिरूद्ध मारू, श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, श्री अर्जुन माली व अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे। मंत्री श्री पटेल ने अपने उदबोधन में कहा, कि हम सभी को इस धरती को हराभरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधे लगाए। रोपे गये सभी पौधो की सुरक्षा कर, उन्हेंय बड़ा करें, पेड बनाए। ग्राम पंचायत की ओर से मंत्री श्री पटेल का बडी माला से स्वागत भी किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के पंच, सरपंच एवं पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित था।

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल ने किया मोरवन में मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का अवलोकन**-प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने नीमच प्रवास के दौरान गुरूवार को जावद विकासखण्ड के मोरवन में मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का अवलोकन कर वहाँ बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने मंत्री श्री पटेल को जावद में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं, उन्नयन कार्यो, बच्चो् की शिक्षा के लिए अर्ली लर्निंग कीट, खिलौने व एलईडी टी.वी. और डिजीटल शिक्षा सुविधाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इस मौके पर विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार एवं मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीण उपस्थित थे। उल्लैखनीय है, कि विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा के विशेष प्रयासों से जावद क्षेत्र की सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को आदर्श केंद्र बनाने के लिए विधायक द्वारा अपनी निधि से अर्ली लर्निंग कीट, खिलौने, एल.ई.डी.टी.वी., टेबलेट व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। यह आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गये है। इससे आंगनवाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों की संख्या में भी वृद्धि हुई है।

## मंदसौर सीए ब्रांच में डिजिटल इकोनॉमी पर वाद-विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न



**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा स्टूडेंटस नेशनल सर्च 2025 के अंतर्गत मंदसौर सीए ब्रांच में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय था इज इंडिया रेडी फॉर 100 प्रतिशत डिजिटल इक्नोमी ।

ब्रांच चेयरमैन सीए राजेश मंडवारिया ने बताया कि यह आयोजन छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें उनकी प्रस्तुति क्षमता, विश्लेषणात्मक सोच और तर्क शक्ति का परीक्षण किया गया। सीकासा चेयरमैन सीए अर्पित मेहता ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से किसले सैनी और उदित अग्रवाल का चयन किया गया है, जो अब रीजनल स्तर पर मंदसौर का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में कुल 6 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें पक्ष में किसले सैनी, अक्षत सिसोदिया और छवि बड़जात्या थे वहीं विपक्ष में उदित अग्रवाल, विवेक सबनानी और साक्षी कुमावत थे। मॉडरेटर की भूमिका सीए अर्पित नागर ने निभाई, जबकि सीए सिद्धार्थ अग्रवाल और सीए आयुष जैन ने निर्णायक के रूप में प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। किसले सैनी और उदित अग्रवाल रीजनल लेवल के लिए चयनित हुए। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने वालों में सीए विनय अग्रवाल, सीए योगेंद्र जैन, सीए सुबोध सिंघल, सीए अंकित श्रीमाल, सीए रोहन सोमानी और सीए अर्पित नागदा शामिल थे। संचालन सीए नयन जैन द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन ब्रांच सचिव सीए नीतेश भदादा ने किया।

# वजनदार होने से नहीं बल्कि भजनदार बनकर भगवान की भक्ति करने से काम बनेगा-भीमाशंकर शास्त्री

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** समीपस्थ ग्राम कुंचड़ौद में श्री सांवलिया गौशाला और समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में परम गौभक्त भागवत प्रवक्ता पूज्य गुरूवर पं. भीमाशंकर जी शास्त्री धारियाखेडी के मुखारविन्द से सप्त दिवसीय भागवतकथा का कुमावत धर्मशाला कुंचड़ौद में शुभारंभ हुआ।



प्रारंभ में पौथी पूजन कन्हैयालाल कुमावत दम्पत्ति द्वारा किया गया। पूज्य शास्त्रीजी ने भागवत की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि सनातन धर्म ग्रंथों में दो ग्रंथ ही ऐसे है जिनके लिये श्रीमद् शब्द का प्रयोग होता है। प्रथम श्रीमद् भागवत और दूसरा स्वयं भगवान श्री कृष्ण के मुख से उद्घोषित श्रीमद् भगवद् गीता। जहां श्रीमद् भागवत ग्रंथ को साधारण पुस्तक अथवा ग्रंथ नहीं मानकर साक्षात भगवान का ही स्वरूप मानकर भगवान की भक्ति परम सहायक माना है। वहीं सम्पूर्ण संसार को कर्म और अकर्म का उपदेश देने वाला कोई ग्रंथ है तो वह है श्रीमद् भगवद् गीता जो सम्पूर्ण मानव मात्र के कल्याण के लिये यह शिक्षा देता है कि हमारे लिये करने योग्य कर्तव्य कर्म क्या है और अकल्याणकारक त्याग करने वाले अकर्म क्या है ? आपने कहा कि भगवान की भक्ति में वजनदार का बनकर बल्कि भजनदार बनकर ही आपका काम बनेगा। जब हम यह सोचते है कि हम पद-प्रतिष्ठा-परिवार और समत्ति में सबसे बड़े वजनदार-ओहदे का संग करने पर हमारा कल्याण हो जायेगा परन्तु यह हमारी भूल है। याद रखे हमारा आत्मिक कल्याण हमारी भगवान की प्रीति-भगवान से सच्चा प्रेम तभी होगा तब हमें किसी भजनदार अर्थात भगवान की भक्ति-साधना करने वाले किसी महापुरूष संत का संग प्राप्त होगा। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ।17 जून तक श्री भीमाशंकरजी शर्मा शास्त्रीजी द्वारा प्रतिदिन दोप. 12 बजे से भागवत कथा का श्रवण कराया जाएगा। पूर्णाहुति, कथा विश्राम एवं महाप्रसादी का आयोजन 17 जून को होगा। श्री सांवलिया गौशाला एवं कुंचडौद ग्रामवासियों ने सभी भक्तों से सात दिवसीय इस धर्म महोत्सव में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा भगवान श्री जगन्नाथ की स्नान यात्रा का आयोजन

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** इस्कॉन मन्दसौर द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ की स्नान यात्रा का भव्य आयोजन बुधवार की संध्या स्थानीय कम्बल केन्द्र रोड स्थित गार्डन पर किया गया। इस आयोजन में भक्ति, संकीर्तन और 56 भोग प्रसाद का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे समस्त वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम उज्जैन इस्कॉन से पधारे केशव प्रभु के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

इस विशेष अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ जी का महाअभिषेक बड़े धूमधाम से किया गया। इस नि:शुल्क अभिषेक सेवा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष भक्तों ने भाग लिया। उन्होंने परम्परानुसार वस्त्र धारण कर अपने प्रभु का अभिषेक किया और विशेष रूप से इस पवित्र अवसर पर अपनी श्रद्धा और आस्था व्यक्त की। भगवान जगन्नाथ के महाअभिषेक के दौरान गंगा जल, पंचामृत, फलों के रस और विभिन्न शुद्ध पदार्थों का उपयोग किया गया, जिससे



भक्तगण अपनी भक्ति को और भी गहरा महसूस कर सके। इस आयोजन का सबसे आकर्षक हिस्सा था इस्कॉन का प्रसिद्ध कीर्तन जिसमें भक्तगण कीर्तन की धुनों पर झूमते हुए अपनी भक्ति में पूरी तरह से खो गए। कीर्तन के दौरान भक्तों ने 'हरे कृष्ण, हरे राम, 'जय जगन्नाथ' के उद्घोष से वातावरण को और भी पवित्र और भावुक बना दिया। कीर्तन का आनंद लेने के लिए मन्दसौर सहित अन्य शहरों से भी 5000 से ज्यादा श्रद्धालुजन शामिल हुए। इस धार्मिक आयोजन में भगवान श्री जगन्नाथ जी के महाप्रसाद को श्रद्धा भाव से भक्तों के बीच वितरित किया गया। महाप्रसाद को ग्रहण करते समय भक्तों की आँखों में एक विशेष आस्था और आनंद का भाव दिखाई दिया। आयोजन संयोजक धीरज पोरवाल ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकजुटता और भाईचारे की भावना बढ़ती है। उन्होंने यह भी बताया कि इस्कॉन की ओर से यह प्रयास किया जाता है कि अधिक से अधिक लोग धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लें और अपनी भगवान के प्रति अपनी भक्ति का प्रदर्शन करें। आयोजन को सफल बनाने में श्री विनोद पाटीदार प्रभुजी, अनिल पाटीदार प्रभुजी, धीरज पोरवाल प्रभुजी, रामरूप प्रभुजी, राजकुमार कोटवानी प्रभुजी, अखिलेश सेन प्रभुजी, सत्यनारायण भट्ट प्रभुजी, रमेश सेन प्रभुजी, दिलीप गुजराती प्रभुजी, राकेश जाट प्रभुजी, पुरन दास प्रभुजी,दामोदर कालानी प्रभुजी तरुण शर्मा और इस्कॉन यूथ टीम व माता की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, भक्तगण और इस्कॉन के अनुयायी शामिल हुए। आयोजन के अंत में, सभी ने इस अवसर पर खुशी और श्रद्धा के साथ उज्जैन से पधारे श्री केशव प्रभुजी का आशीर्वाद लिया और प्रभु श्री जगन्नाथ की कृपा की कामना की।

## एडीएम की उपस्थिति में रामपुरा में आपदा प्रबंधन, बाढ़ राहत मॉकड्रील सम्पन्न

**नीमच, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में आपदा प्रबंधन, बाढ आपदा राहत मॉकड्रील 12 जून 2025 को रामपुरा में आयोजित की गई। मॉकड्रील में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, एसडीएम मनासा श्री पवन बारिया, जिला कमाण्डेट होमगार्ड श्री युवराजसिंह, प्लाटून कमाण्डें ट श्रीमती पुष्पा चौहान, तहसीलदार श्री राजेशकुमार सोनी, थाना प्रभारी श्री राधेश्याम डांगी,न.प. के अधिकारी,कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, कोटवार, आदि अपनी टीम के साथ उपस्थित थे। कमाण्डेट श्री युवराजसिंह एवं प्लालटून कमाण्डेण्ट श्रीमती पुष्पा चौहान की टीम ने वर्तमान वर्षाकाल में आगामी तैयारी के रूप में मॉकड्रील कर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया, जिसमे टीम द्वारा बाढ़ आपदा की स्थिति में बचाव के घरेलू उपाय एवं उनकी टीम के द्वारा किए जाने वाले कार्य को संसाधन एवं उपकरणों के माध्यम से व्यवहारिक मॉकडील कर प्रदर्शित किया। उपस्थित आमजनों ने बाढ़ राहत की व्यवहारिक मॉकड्रील देखकर प्रशिक्षण एवं बचाव के उपाय की जानकारी प्राप्त की।

## दशपुर रंगमंच ने आयोजित की सूरों से सजी संगीत संध्या

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर की सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच मंदसौर द्वारा होटल डायमण्ड में सूरों से सजी संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रदीप चेलावत द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत आबिद भाई के गीत गर तुम भुला न दोंगे सपने यह सच ही होंगे से की गई। आकांक्षा पोखरना ने माता-पिता की वंदना करते हुए गीत ये तो सच है कि भगवान है, मगर फिर भी अंजान है गाया। लोकेन्द्र पाण्डे ने धीरे-धीरे से मेरी जिंदगी में आना गाया। डॉ. महेश शर्मा ने धीरे-धीरे प्यार को बढ़ाना है गीत प्रस्तुत किया। सतीश सोनी ने गीत चुपके-चुपके दो दिल मिल रहे है सुनाया। श्याम गुप्ता ने सदाबहार गीत पल-पल दिल के पास तुम रहती हो प्रस्तुत किया। राजा सोनी ने गीत छोटे-छोटे भाईयों के बडे भैया सुनाकर तालियां बटोरी। राजकुमार अग्रवाल ने आपके जिनके करीब होते है, वो बड़े खुशनसीब होते है सुनाया।

## अब कॉलेज लेक्चरार को... पेज 1 से जारी

कहा कि संभवत: किसी ने उनका मोबाइल हैक कर मैसेज भेजे होंगे।

**प्रिंसिपल से शिकायत, पुलिस बोली- शिकायत नहीं मिली**-कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य दीपा कुमावत ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मामले में जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं जीरन थाना प्रभारी उमेश यादव ने कहा कि जानकारी मिली है। फिलहाल शिकायत लेकर कोई नहीं आया है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**वाट्स ऐप पर छात्रा के साथ आपत्तिजनक चैटिंग**-गेस्ट लेक्चरर विष्णु निकुंभ ने छात्रा को भेजे वॉटसऐप मैसेज में माई स्वीट हार्ट, ब्यूटीफुल क्वीन जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया है। उसने छात्रा की फोटो भी मांगी।

**नीमच में पंच, सरपंच सम्मेलन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल ने कहा...**

# पंचायतों के माध्यम से गांवों को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाए







**नीमच, 12 जून गुरु एक्सप्रेस। पंचायतों के माध्यम से गांवों को स्वावलंबी एंव आत्म निर्भर तथा विवाद मुक्ति बनाए। गांव के विवादों को गांव में ही मिल बैठकर, पंचायतों के माध्यम से निराकृत करें। यह बात प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिह पटेल ने गुरूवार को नीमच के टाउनहॉल में जनसहयोग से जल संवर्धन के तहत आयोजित जिले के पंच, सरपंच सम्मेलन में पंचायत पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही।**

इस मौके पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार, विधायक मनासा श्री अनिरूद्ध मारू, न.पा.अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपडा, नीमच जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा बाई धनगर, श्रीमती वंदना खण्डेलवाल एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री पवन पाटीदार भी मंचासीन थे। मंत्री श्री पटेल ने अपने उदबोधन में कहा, कि गत वर्ष प्रदेश में 1066 सामुदायिक भवनों का निर्माण किया गया है। इस वर्ष एक हजार सामुदायिक भवन निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। इन सामुदायिक भवनों के निर्माण से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर सामाजिक कार्यक्रमों, आयोजनों के लिए सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होने कहा, कि पहले पंचायतों के माध्यम से 25 लाख तक के कार्यो के निर्माण का अधिकार सरपंचों को था। अब 38 लाख तक के भवन सरपंच बना सकेंगे। उन्होने कहा कि मनरेगा के तहत नीमच जिले में 1660 पुरानी जल सरंचनाओं, कुओं और बावडियों का जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं साफ-सफाई के कार्य किए गए है। नीमच जिले में जनसहयोग से जल संवर्धन के तहत 5 हजार 871 से अधिक जल संरचनाओं का गहरीकरण किया जाकर, लगभग एक लाख ट्रेक्टर ट्राली मिट्टी जनसहयोग से निकाली जाकर, किसानों के खेतों में डाली गई है। सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कहा, कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है, ग्राम पंचायतें एवं पंच, सरपंच। हमारे देश, समाज में पंचों को परमेश्वर माना जाता है। ग्राम विकास में ग्राम पंचायतों और पंचायत पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी पंचायत पदाधिकारी इस भूमिका का अच्छे से निर्वहन करें और अपने क्षेत्र के गांवों का सर्वांगीण विकास करवाएं। कार्यक्रम को नीमच विधायक श्री दिलीप सिह परिहार ने भी संबोधित किया। प्रारंभ में सांसद श्री गुप्ता एवं विधायक श्री परिहार, श्री सखलेचा एवं श्री मारू तथा सरपंच संघ, पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारियों ने मंत्री श्री पटेल का पुष्पहारों से स्वांगत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मंजुला धीर एवं श्री अरूण सोलंकी ने किया तथा अतिरिक्त सीईओ श्री अरविंद डामोर ने सभी का आभार माना। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एसडीएम श्री संजीव साहू, जनपद सीईओ सुश्री मयूरी जोक एवं अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में पंचायत पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 61 | 2080 | 2336 |
| उडद | 1 | 5000 | 5000 |
| सोयाबीन | 5463 | 3900 | 4240 |
| गैहु | 8961 | 2350 | 2750 |
| चना | 316 | 4999 | 5439 |
| मसुर | 113 | 5999 | 6299 |
| धनिया | 129 | 5201 | 6741 |
| लहसुन | 16500 | 2500 | 13000 |
| मैथी | 942 | 3201 | 5105 |
| मुंगफली | 1143 | 4241 | 5246 |
| अलसी | 1612 | 6800 | 7400 |
| सरसो | 394 | 5880 | 6183 |
| तारामीरा | 2 | 5201 | 5201 |
| इसबगोल | 75 | 9620 | 11501 |
| प्याज | 1976 | 200 | 1100 |
| कलोंजी | 3 | 17380 | 18400 |
| तुलसी बीज | 17 | 8301 | 13399 |
| डॉलर | 53 | 5100 | 8301 |
| तिल्ली | 154 | 7300 | 8680 |
| जौ | 22 | 2150 | 2300 |
| मटरसुखी | 14 | 2700 | 3811 |
| असालीया | 152 | 5925 | 6150 |
| चियाबीज | 137 | 8000 | 14200 |

## मप्र पुलिस भर्ती घोटाले में 14 गिरफ्तार

### फरार आरोपियों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित

**भोपाल, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश पुलिस आरक्षक भर्ती घोटाले में फर्जी अभ्यर्थियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। साल्वर के जरिए परीक्षा देकर आरक्षक बनने वाले अब तक 33 उम्मीदवारों का खुलासा हो चुका है। वहीं जांच एजेंसियों को आशंका है कि यह संख्या और भी अधिक हो सकती है। अब तक इस मामले में 14 आरोपित गिरफ्तार किए गए हैं और चार फरार आरोपितों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। राज्य पुलिस द्वारा की जा रही गहन जांच में यह सामने आया है कि आरोपितों ने आधार कार्ड अपडेट कर साल्वर से बायोमेट्रिक दर्ज करवाया, और फिर शारीरिक परीक्षा से पहले फिर से आधार अपडेट कर खुद का बायोमेट्रिक दर्ज कराया। इस तरह बायोमेट्रिक आधारित सुरक्षा प्रणाली को चकमा देकर नौकरी हासिल की गई।

## जनसुनवाई में आई आवेदिका श्रीमती कंचन को कलेक्टर ने ट्राईसाईकिल प्रदान की

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रभारी उप संचालक श्रीमती स्वाति तिवारी द्वारा बताया गया कि मंदसौर जिले के ग्राम मेनपुरिया की रहने वाली आवेदक श्रीमती कंचन गायरी ने कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई में आवेदन दिया कि नि:शक्त व्यक्तियों को विशेष साधन/उपकरण प्रदान योजना का लाभ प्रदान किया जाये जिस पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा आवेदक कंचन गायरी को कलेक्टर कार्यालय में ट्रायसायकल प्रदान की गई। इस दौरान पुलिस अधिक्षक श्री अभिषेक आंनद सामाजिक न्याय विभाग प्रभारी उप संचालक श्रीमती तिवारी मौजूद थी।

# प्रदेश में प्रारंभ होंगे नए वन्य प्राणी रेस्क्यू सेंटर-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का सर्वाधिक वन क्षेत्र और वन्यजीवों की विविधता से संपन्न राज्य है। भारत में सबसे अधिक बाघ (टाइगर) मध्यप्रदेश की धरती पर देखने को मिलते हैं। तेंदुआ (लेपर्ड) और गिद्ध (वल्चर) की संख्या भी मध्यप्रदेश में सबसे अधिक है। प्रदेश के अलग-अलग वन क्षेत्रों में मगरमच्छ और घड़ियालों का बसेरा है। प्रदेश में वन्य जीव संरक्षण, जंगलों की रक्षा और पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वन्य प्राणी संरक्षण सहित सभी क्षेत्रों में तेज गति के साथ अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नए वन्य प्राणी रेस्क्यू सेंटर स्थापित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को गुजरात रवाना होने के पहले मीडिया में जारी एक संदेश में यह विचार रखे।



**संभाग स्तर पर आवश्यक हैं रेस्क्यू सेंटर**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब वन्यजीव प्रेमियों के लिए मध्यप्रदेश में किंग कोबरा भी लेकर आए हैं। चीतों को पालपुर कूनो राष्ट्रीय उद्यान से गांधी सागर वन क्षेत्र में छोड़कर एक नया नेशनल पार्क विकसित किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक दो नए टाइगर नेशनल पार्क बनने और चीतों के साथ-साथ दूसरे वन्य जीवों की संख्या बढ़ने से संभाग स्तर पर रेस्क्यू सेंटर की आवश्यकता महसूस हो रही है। इन सेंटर्स की स्थापना के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अब तक केवल एक रेस्क्यू सेंटर राजधानी भोपाल स्थित वन विहार में है। यहां प्रदेशभर से घायल और बीमार वन्यजीवों को इलाज के लिए लाया जाता है, लेकिन उनके अनुकूल वातावरण में बदलाव हो जाने के कारण कई बार परेशानियां आती हैं। वन्यप्राणियों की जीवन रक्षा और उनके जीवन में सुखद बदलाव लाने के लिए संभाग स्तर पर रेस्क्यू सेंटर शुरू करने का प्रयास है।

**मध्यप्रदेश में ज़ू की संख्या बढ़ेगी**-राज्य सरकार प्रदेश में चिड़ियाघरों अर्थात प्राणी उद्यान (ज़ू) की संख्या में भी वृद्धि करने जा रही है। बजट में दो प्राणी उद्यान की स्थापना को स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुजरात में देश का सर्वश्रेष्ठ ज़ू एवं रेस्क्यू सेंटर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वे गुजरात की अध्ययन यात्रा में जामनगर में वन्यजीवों की देखरेख के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे साथ ही वन्यजीवों का आदान-प्रदान कर उनके जीवन रक्षा की संभावनाएं भी तलाशेंगे।

**नागरिकों के साथ-साथ वन्यजीवों के प्रति भी संवेदनशील**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के कई विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों में वेटनरी कोर्स और वेटनरी अस्पताल शुरू कर पशु चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। निकट भविष्य में इससे संबंधित कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। वन संपदा और वन्यजीवों के संरक्षण का भी व्यापक अभियान प्रदेश में चल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया है कि अगर किसी वन्यजीव के संकट में होने की जानकारी मिले या दिखाई दे तो नज़दीकी फॉरेस्ट ऑफिसर को सूचित करें। प्रदेश सरकार अपने नागरिकों की चिंता करने के साथ-साथ वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करने के लिए भी संवेदनशील है।

# सर्वेक्षण गुणात्मक एवं प्रमाणिकता के साथ करें-उप मुख्यमंत्री

### सर्वेक्षण तय समय में पूरा करें, विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु समुदाय के सर्वेक्षण पर कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु जातियों के सामाजिक आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इन जातियों के कल्याण की गतिविधियों को पावन कार्य बताते हुए कहा कि यह गर्व करने योग्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विमुक्त, घुमन्तु और अर्धघुमन्तु समुदाय के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिये इन समुदायों का सर्वेक्षण के माध्यम से डाटा इक्कठा किया जायेगा। इस डाटा के आधार पर कार्यक्रम बनाये जायेंगे और राज्य एवं केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से इन समुदायों को लाभांवित किया जायेगा। राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा विमुक्त, घुमन्तु और अर्धघुमन्तु समुदाय के सर्वेक्षण-2025 पर बुधवार को हुई राज्य स्तरीय कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि जन अभियान परिषद और विमुक्त, घुमन्तु और अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग के बीच सर्वेक्षण के लिये एमओयू हुआ है। सर्वेक्षण प्रमाणिकता के साथ होगा। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य में लगे कार्य समन्वयक पूरी ईमानदारी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि घुमन्तु समाज के उत्थान का यह पुण्य एवं पवित्र कार्य है। उप मुख्यमंत्री श्री देवडा ने विमुक्त, घुमन्तु और अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग के कार्य की सराहना भी की। पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमन्तु और अर्धघुमन्तु कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि विमुक्त, घुमन्तु और अर्धघुमन्तु समुदायों के परिवारों के समेकित विकास के दृष्टिगत सर्वेक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में प्रदेश के 12 जिलों में सर्वेक्षण का कार्य होगा और यह कार्य तय समय सीमा 3 माह में पूरा किया जायेगा। सितम्बर में सर्वेक्षण का प्रथम चरण पूरा होने के बाद दूसरे चरण में प्रदेश के शेष जिले में सर्वेक्षण होगा। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण से इन समुदायों की जानकारी एकत्र की जायेगी और जानकारी के आधार पर इन समुदायों के विकास के लिये कार्यक्रम बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण दल यह सुनिश्चित करें कि सर्वेक्षण से एक भी परिवार नहीं छूटे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सर्वेक्षण के लिये दिये गये प्रस्ताव पर तुरंत सहमति दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया।



कार्यशाला में क्षेत्रीय प्रमुख घुमन्तु कार्य श्री गौरेलाल ने सर्वेक्षण कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह विमुक्त, घुमन्तु और अर्धघुमन्तु समुदायों के बीच में पिछले कई वर्षों से कार्य कर रहे है। उन्होंने कार्य के दौरान हुए अनुभवों पर आधारित इन समुदायों की समस्याओं से जुड़े अनेक संस्मरण सुनाये और कहा कि इन समुदायों के विकास के लिये व्यवस्थित कार्य योजना जरूरी है और सर्वेक्षण का डाटा महत्वपूर्ण होगा। कार्यशाला को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर, अध्यक्ष विमुक्त, घुमन्तु और अर्धघुमन्तु समुदाय विकास अभिकरण श्री बाबूलाल बंजारा ने भी संबोधित किया। प्रारंभ में प्रमुख सचिव विमुक्त, घुमन्तु और अर्धघुमन्तु समुदाय विकास विभाग श्री ई. रमेश कुमार और कार्य पालक निदेशक जन अभियान परिषद डॉ. बकुल लाड ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर जानकारी दी। कार्यशाला में जनअभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड और संचालक विमुक्त, घुमन्तु और अर्धघुमन्तुसमुदाय विकास विभाग श्री नीरज वशिष्ठ ने एमओयू का दस्तावेज एक दूसरे को सौंपा। इस अवसर पर विमुक्त, घुमन्तु और अर्धघुमन्तु समुदाय विभाग द्वारा तैयार किये गये पोस्टर का विमोचन भी किया गया।



**मंडी में हंगामा** - मंदसौर कृषि उपज मंडी में गुरुवार को हम्माल यूनियन के दो ग्रुपो के बीच वर्चस्व एवं हम्माली के रुपये के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। बाद में प्रशासनिक हस्तक्षेप पश्चात दोनों पक्ष के चार-चार लोगो द्वारा व्यवस्था सँभालने एवं अगले एक डेढ़ माह में नए चुनाव कराने को लेकर सहमति बनी।

# सेवानिवृत लोक सेवकों के स्वत्वों का तत्काल निराकरण करें

### प्राचार्यों, लेखापाल व लिपिकों की बैठक में सहायक संचालक ने निर्देश दिए

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** विकासखंड शिक्षा मन्दसौर जिला मन्दसौर अन्तर्गत 12 जून, गुरूवार को उत्कृष्ट विद्यालय मन्दसौर के सभाकक्ष में विकासखंड के प्राचार्य उ.मा.वि हायस्कूल तथा संकुलों में पदस्थ लेखापाल एवं लिपिकों की बैठक आयोजित की गई।



उक्त बैठक में विकासखंड के सहायक संचालक आनंद डावर ने सेवानिवृत लोक सेवको के स्वत्वों का तत्काल निराकरण किये जाने के निर्देश दिये। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि जेडी कार्यालय उज्जैन एवं डीईओ कार्यालय मन्दसौर के द्वारालंबित स्वत्वों की निरंतर मानीटरिंग की जा रही है अत: दिनांक 31 मई 2025 तक सेवानिवृत्त हुये सभी लोक सेवकों के लंबित स्तत्व दिनांक 16 जून तक कार्यालय में प्रस्तुत कर देवें। साथ ही निर्देश दिये कि आगामी तीन माह में सेवानिवृत्त होने वाले लोक सेवकों के पेंशन प्रकरण आन लाइन हेतु प्रस्तुत करें। तथा निर्देश देते हुए कहा कि जिन लोक सेवकों की समग्र लिंक शेष है वह यह कार्य तत्काल पूर्ण करें दिनांक 22 जून तक इसे 100 प्रतिशत करना ही है अन्यथा वेतन भुगतान नहीं हो सकेगा। उपरोक्त के अतिरिक्त नामांकन, सत्र प्रारम्भ की पूर्व तैयारी, कोड योगी पंजीयन, शिक्षक समस्या निवारण शिविर, परिवेदना, प्रोफाईल अपडेशन, पाठ्यपुस्तक की विमर्श पर प्रविष्टि, एक पेड मां के नाम 2.0, स्वच्छ पेयजल, अनुरक्षण राशि, विधुत व्यवस्था, परिसर स्वच्छता, शौचालय व्यवस्था, समय से शाला संचालन, सीएम हेल्प लाइन, शून्य नामांकन वाली शाला आदि विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा संकुलवार समीक्षा की गई। श्री डावर ने सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण करने का अनुरोध किया तथा गुणवत्तापूर्ण परीक्षा परिणाम देने पर सभी प्राचार्यो एवं उनके स्टाफ की प्रशंसा भी की तथा आगामी सत्र में माह जुलाई से ही लक्ष्य निर्धारित करने एवं आगामी सत्र में प्रदेश मेरिट में स्थान बनाने हेतु प्रयास करने का अनुरोध किया।

## प्रेक्षक अरोरा ने मतदान केंद्र क्रमांक 291, 292, 293 का निरीक्षण किया



**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा जिला मंदसौर के जनपद पंचायत सीतामऊके निर्वाचन क्षेत्र क्रमाक 23 के निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु जनपद पंचायत सीतामऊके अंतर्गत आने वाले सभी निर्वाचन क्षेत्र की ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण 2025 की कार्यवाही के प्रेक्षण हेतु मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम-19 (क) के अंतर्गत निहित प्रावधान के तहत श्री अनंतनारायण अरोरा, राप्रसे (सेवानिवृत्त), 502, सफायर ब्लाक निखिल नेसल्स अपार्टमेंट, जाटखेडी होशंगाबाद रोड, भोपाल (म.प्र.) मो नं 9425134261 को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। आज प्रेक्षक श्री अनंतनारायण अरोरा ने मतदान केंद्र क्रमांक 291, 292, 293 का निरीक्षण किया।

## मनासा में आज से तीन दिवसीय कुश्ती महादंगल

**मनासा, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदिरो की नगरी मनासा में इण्डियन स्टाईल कुश्ती संघ एवं श्री पंचमुखी बजरंग व्यायाम शाला मनासा के तत्वावधान में तीन दिवसीय संभाग केसरी कुश्ती एवं वेट चेम्पियन प्रतियोगिता प्रारम्भ होगी। इण्डियन स्टाईल कुश्ती संघ जिला संरक्षक नारायण सोमानी जावद, जिला अध्यक्ष लाला भाई चौहान मनासा, जिला सचिव उस्ताद घीसालाल भेरावत जावद, अखाडा उस्ताद गुड्डु भाई ग्वाला मनासा ने बताया है कि कृषि उपज मंडी मनासा में आज दिनांक 13 जून शुक्रवार से 15 जून रविवार तक तीन दिवसीय संभाग केसरी कुश्ती एवं वेट चेम्पियन प्रतियोगिता में 65 किलो से अधिक वजन वाला पहलवान संभाग केसरी में भाग लेगा साथ ही प्रथम आने वाला पहलवान को 21000 हजार, द्वितीय 11000 हजार, तृतीय 5000 हजार रूपये नगद पुरस्कार एवं अलग-अलग वेट में आने वाले विजेता, उपविजेता को भी नगद राशि पुरस्कार के रूप में मुख्यअतिथियों के हाथो दिया जाएगा। आज क्रमवाईज 40 वजन से 65 वजन वाले पहलवानो का सभी के सामने वेट किया जाएगा। वेट के हिसाब से पहलवान कुश्ती दंगल में शामिल होंगे। इण्डियन कुश्ती संघ जिला संरक्षक नारायण सोमानी जावद ने कहा कुश्ती महादंगल में रेपरी एवं निर्णायक मंडल का निर्णय सर्वमान्य रहेगा। सभी कुश्ती प्रेमी, पहलवानगण, धार्मिक, सामाजिक संगठनो के पदाधिकारिगण, सदस्यगण, आस पास क्षेत्र के रहवासी, पत्रकारगण सहित सभी सदस्यगण सादर आमंत्रित।

# शासकीय सुंदरलाल पटवा मेडिकल कालेज में पोस्टर प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज, मंदसौर में आगामी 14 जून को मनाए जाने वाले विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान और रक्तदाताओं के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दिनांक 12 जून को एमबीबीएस एवं इंटर्न विद्यार्थियों के लिए एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग द्वारा किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह और उत्सुकता से भाग लिया।



यह प्रतियोगिता कॉलेज अधिष्ठाता डॉ. शशि गांधी मैडम के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व, इसके सामाजिक और व्यक्तिगत लाभों के बारे में जागरूक किया। डॉ. शशि गांधी ने बताया कि रक्तदान न केवल दूसरों की जिंदगी बचाने का एक तरीका है, बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रक्तदान के महत्व को विभिन्न कला रूपों में प्रदर्शित किया। पोस्टर में रक्तदान के लाभ, रक्तदाताओं के योगदान, और समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता को स्पष्टरूप से चित्रित किया गया था। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे चित्रों और सटीक संदेशों के माध्यम से समाज को यह समझाने की कोशिश की कि कैसे एक छोटा सा कदम किसी की जिंदगी बदल सकता है। पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक था। सभी विद्यार्थियों ने इस मौके को पूरी गंभीरता से लिया और सामाजिक जागरूकता फैलाने में अपना योगदान दिया। प्रतियोगिता में एमबीबीएस और इंटर्न विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और प्रत्येक ने अपने-अपने पोस्टर के माध्यम से रक्तदान की महत्ता को प्रस्तुत किया।



# स्कूलों में बच्चों का शत प्रतिशत एडमिशन करवाएं-कलेक्टर

### समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत समीक्षा बैठक संपन्न

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत समीक्षा बैठक सुशासन भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में बच्चों का शत प्रतिशत एडमिशन करवाएं। स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति के संबंध में लगातार मॉनिटरिंग करें। शिक्षकों की उपस्थिति के संबंध में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्राइमरी स्कूलों के परीक्षा परिणाम में सुधार लाए, इसके लिए प्रयास करें और विशेष तौर पर ध्यान दें। सभी दिव्यांग बच्चों का यूडीआईडी कार्ड बनवाएं। छात्रवृत्ति में बच्चों का रजिस्ट्रेशन शेष न रहे। सभी का रजिस्ट्रेशन करवाएं। गर्मी को देखते हुए स्कूली समय का ध्यान रखें। साइकिल, पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करें। जिन स्कूलों में बिजली और पानी की समस्या है, वे जानकारी बनाकर भेजें। जिन स्कूलों में फर्नीचर नहीं है उसकी सूची बनाएं। सीएम राइज स्कूल बनने के पश्चात जो स्कूल खाली हो गए हैं उन स्कूल को वापिस प्रशासन को हैंड ओवर करें। सभी बच्चों की अपार आईडी बनाएं। इसके लिए कैंप भी लगवाएं। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, डीपीसी श्री शुक्ला, शिक्षक गण मौजूद थे।

# ग्लोबल फैटी लिवर दिवस पर जागरूकता रैली सम्पन्न

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** डॉ. गोविन्द सिंह चौहान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्लोबल फैटी लिवर दिवस पर जिला चिकित्सालय मंदसौर से जागरूकता रैली प्रांरभ होकर गांधी चौराहा मंदसौर होते हुए जिला प्रशिक्षण केन्द्र पर समापन किया गया। स्वस्थ्य यकृत मिशन अंतर्गत जिले की 5 लाख 80 हजार 280 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है। जिले की 176 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 41 पीएचसी, 6 सिविल अस्पताल, 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला चिकित्सालय मंदसौर में नि:शुल्क NAFLD की स्क्रीनिंग की जा रही है।



जागरूकता रैली में जिला एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ आर के द्विवेदी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सीपीएचसी सलाहकार, सहायक नोडल अधिकारी, एमईआईओ, एलडीसी एमआईएस नर्सिंग टयूटर, नर्सिंग छात्राओं तथा आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। आमजन से अपील है कि पुरूषो मे कमर की माप 90 सेंटीमीटर से अधिक तथा महिलाओं में 80 सेंटीमीटर से अधिक होने और बी.एम.आई 23 से अधिक होने पर तत्काल शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं मे अपनी जॉच जरूर करवाये। ग्लोबल फैटी लिवर दिवस 2025 का विषय है 'मेटाबोलिक स्वास्थ्य (मोटापा और मधुमेह) वार्तालाप में लिवर स्वास्थ्य को बढ़ाना'। स्वस्थ यकृत मिशन का उद्देश्य 30 से 65 वर्ष की आयु के व्यक्तियों में यकृत संबंधी जोखिम की शीघ्र पहचान करना, परामर्श करना एवं उचित रैफरल प्रदान करना मुख्य उद्देश्य है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने विमान हादसे पर दुख व्यक्त किया



**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना हादसे पर गहन दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। इस अत्यंत दुःखद घटनाक्रम में मृत आत्माओं को ईश्वर अपने चरणों में स्थान दे एवं उनके परिवार को हिम्मत प्रदान करें एवं घायलों के स्वास्थ्य में अति शीघ्र सुधार हो। इस दुखद घटनाक्रम पर जिला भाजपा मंदसौर द्वारा दिनांक 12 जून और 13 जून के समस्त संगठनात्मक कार्यों को निरस्त कर दिया है।

## नगरीय आपदाओं की रोकथाम के लिये नियंत्रण कक्ष स्थापित

**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री संकेत भोंडवे के निर्देश पर वर्षा ऋतु में प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों में जल-भराव, बाढ़, जर्जर भवनों के गिरने जैसी संभावित आपदाओं से निपटने के लिये भोपाल में राज्य स्तर पर आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। नियंत्रण कक्ष के संचालन एवं समन्वय के लिये एक विशेष दल का गठन किया गया है, जिसमें कार्यपालन यंत्री श्री उपदेश शर्मा, सहायक यंत्री श्री सुनील श्रीवास्तव सहित कुल 8 अधिकारी-कर्मचारी पदस्थ किये गये हैं। यह दल प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों को चिन्हित करने और संबंधित नगरीय निकायों के बीच कार्यवाही सुनिश्चित करेगा।

## नॉन अल्कोहल फैटी लीवर डिजीज अभियान के अंतर्गत ग्राम भैसोदा फैटी लीवर डिजीस डे मनाया



**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** नान अल्कोहल फैटी लीवर डिजीज अभियान के अंतर्गत ग्राम भैसोदा ब्लॉक संधारा जिला मंदसौर कलेक्टर अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डा जीएस चौहान एवं जिला क्षय अधिकारी डा आरके द्विवेदी, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ गौरव सिजेरिया, जिला समन्वयक सतीश शर्मा डीपीसी द्वारा नॉन अल्कोहल फैटी लीवर डिजीस डेमनाया गया। प्राथमिकस्वास्थ्य केंद्र भैसोदा पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्री जगदीश खीची ने जानकारी में बताया मोटापा ही हर बीमारी की जड़ है, पुरुषों की कमर 90 सेंटीमीटर होना चाहिए। महिलाओं की कमर 80 सेंटीमीटर होना चाहिए। वेट लंबाई इंच टेप से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने नर्सिंग स्टाफ एवं आशा कार्यकर्ता सुपरवाइजर आदि ने नाप लिए गये गांव में जागरूकता रैली भी निकली गई। हर व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए हरी सब्जियां, पत्तेदार फल फ्रूट आदि का सेवन अधिक मात्रा में करें। खाना खाने के बाद सोए नहीं एक्सरसाइज या पैदल चले। एमओ डा महेश गायरी, एओ डा मयंक शर्मा की उपस्थित थे। लोग को जांच एवं एक्सरे करवाये गए। टीबी के बारे में जागरूक किया टीबी से कैसे बचा जाए एवं टीबी के क्या लक्षण है इसकी जानकारी दी गई।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/929/खनिज/2025 मंदसौर, दिनांक-10.06.2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक सुश्री अनिता पिता राधेश्याम निवासी ग्राम बरदल, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 31.05.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 15.07.2025 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मल्हारगढ़ | पिपलिया पंथ | 85/438/2 | 4.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर, एम.सेड़ एवं मुरम (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15.07.2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-14263/25 जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल।


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in